हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 14 जनवरी 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

11 भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र होने का गौरव प्राप्त ...

12 पीएम आवास पर किया कब्जा, लेकिन पानी-बिजली की ...





एसएमसी हॉस्पिटल
अर्जुनी, धमतरी
नवनिर्मित, सर्वसुविधायुक्त, 100 बिस्तरों का हॉस्पिटल
● अनुभवी विशेषज्ञों की टीम ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
संपर्क करें - 77250-01343, 77250-46397

- जनरल सर्जरी - हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर
- स्त्री रोग - नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, हिस्टेरेक्टॉमी
- मेडिसिन - शुगर, बीपी, थाइरोइड, अस्थमा
- शिशु रोग - नवजात से लेकर किशोर बच्चो का इलाज
- एंडोस्कोपी - पेट, लिवर, पैंक्रियास की बीमारियां
- लेप्रोस्कोपी सर्जरी - पित्त की थैली की पथरी, ईईजी, टीएमटी, कॉल्पोस्कोपी, ईसीजी, मैमोग्राफी जैसे अत्याधुनिक मशीनों से जाँच एवं इलाज की सुविधा।


डॉ. प्रदीप साहू
एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच, शल्यचिकित्सा विशेषज्ञ


## खबर संक्षेप

### सिर्री में श्रीमद्भागवत कथा आज से



**सिर्री।** सिर्री में रामेश्वर प्रसाद सिन्हा और द्वारिका प्रसाद सिन्हा परिवार द्वारा इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन 14 से 22 जनवरी किया जा रहा है। आयोजन का यह 13 वां वर्ष है। कथा व्यास पीठाधीश आचार्य पं. झम्मन प्रसाद शास्त्री महराज होंगे।

### कुकरेल में 14 को नि:शुल्क नेत्र शिविर

**धमतरी।** भारतीय जैन संघटना द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 14 जनवरी रविवार को ग्राम कुकरेल के ग्राम पंचायत भवन में किया गया है। जिला अध्यक्ष कुशल चोपड़ा ने बताया कि शिविर में रायपुर एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर के डॉक्टर सेवायें देंगे। आर्थिक रूप से कमजोर चिन्हित मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन रायपुर में नि:शुल्क कराया जायेगा।

### अरौद ली. में 16 को मड़ई

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम अरौद ली. में 16 जनवरी मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सोनहाबदर ग्राम चिटौद जिला बालोद का आर्केस्ट्रा होगा। यह जानकारी कोटवार दिनेश नगारची ने दी है।

### माकरदोना मड़ई 19 को

**धमतरी।** ग्राम माकरदोना में 19 जनवरी शुक्रवार को मड़ई रखी गई है। रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगधार ओनवा रवेली छग नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष संतराम ओटी, सचिव लोकेश साहू, कोषाध्यक्ष मस्तराम साहू, श्रवण नेताम, बिनोद मरकाम, भरत साहू ने दी है।

### चरमुड़िया में मड़ई मेला 19 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** रेलवे स्टेशनपारा में 19 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में तुलसी के पूजा नाचा पार्टी कचांदूर जिला दुर्ग का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सरपंच नीतू तेजेंद्र तोड़ेकर, उपसरपंच सुरेंद्र जोशी, पंच श्रीमती भवानी पटनायक, दामिनी साहू, दुर्गेश्वरी ध्रुव, भुनेश्वरी निर्मलकर ने दी है।

### करंट से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** बिजली बोर्ड में वायर लगाते समय अधेड़ करंट की चपेट में आ गया। इस घटना में अधेड़ की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारपथरा निवासी लक्ष्मण टंडन पिता इतवारीराम 52 वर्ष शुक्रवार की शाम अपने घर के शौचालय में लगी लाइट को चालू करने वायर को बिजली के प्लग में लगा रहा था। स्वीच चालू होने के कारण अधेड़ करंट की चपेट में आ गया। उसे बेहोशी की हालत में उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अधेड़ की रात्रि में मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शनिवार को मर्ग कायम कर शव का पंचनामा किया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

---

योजना का 1721 कमार परिवार के 6297 लोगों को मिलेगा लाभ

# पीएम जनमन योजना से घुमंतू कमारों की परंपरा हो जायेगी विलुप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कमार का नाम आते ही अक्स में जंगल की वह पिक्चर नजर आती है, जिसमें अति पिछड़ी जनजाति अपनी परम्पराओं के साथ आज भी उसी तरह का जीवन बसर कर रहे हैं। लेकिन अब कमार जनजीवन में आमूलचूल परिवर्तन की इबारत लिखी जा रही है। अब पूरा प्रशासन कमार डेरा तक पहुंच मार्ग, पक्का मकान, हास्टल सुविधा, आंगनबाड़ी, वनधन केंद्र, बिजली, मेडिकल मोबाइल यूनिट, मोबाइल टावर, प्रशिक्षण के लिए सामूहिक शेड, घरों के आसपास सोलर लाइट, कौशल विकास के लिए जुट गया है। कभी जंगल-जंगल खाक छानने वाले घुमंतू कमार जनजाति अब स्थायीत्व की ओर है लेकिन आज भी कुछ कमार अपनी परम्पराओं को निभा रहे हैं। ग्राम मोहलाई के कमार देउलाल ने बताया कि अपनी उत्पत्ति देवडोंगर से मानते हैं। उनके सबसे बड़े देवता आज भी देवडोंगर के वामन



डोंगरी में स्थापित हैं जिसे वामन देव के नाम से जानते हैं। उन्होंने बताया कि कमार जंगलों में घुमंतू जीवन जीते हैं। जब भी घर के कोई सदस्य की मौत हो जाती है तो कमार उस घर को छोड़कर दूसरे जंगल में चला जाता है, लेकिन यह परम्परा धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि बिना खिड़कियों के घास फूस वाले मिट्टी के मकान में रहते थे लेकिन जब से आवास योजना का लाभ कमारों को मिलने लगा तब से खिड़की वाले मकान बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि कमार जैसे- जैसे शिक्षित हो रहे हैं, वैसे-वैसे जागरुकता बढ़ रही है और वे पुरानी परंपराओं पर विराम लगाते जा रहे हैं।

जिले के नगरी विकासखंड में 70 पंचायतें ऐसी हैं जहां के 92 गांव में 1204 परिवार ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 200 कमार युवा नौकरी के लिए अर्जी लगाकर थक चुके

प्रदेश की सबसे पिछड़ी जनजाति में शामिल कमारों के जनजीवन में बदलाव के लिए पीएम जनमन अभियान 15 जनवरी से शुरु होने जा रहा है। इस योजना का जिले में रहने वाले 1721 कमार परिवार के 6297 लोगों को लाभ मिलेगा। ग्राम खरखामुड़ा के रमेश धर्नुधारी, राजपुर के बुधराम कमार ने बताया कि शासन की योजना बहुत अच्छी है। लेकिन यह सिर्फ योजना तक सीमित न हो। उनका कहना है कि पहले जमीन देने की योजना थी वह बंद हो गई है। प्रदेश सरकार नौकरी देने की बात करती है। जिले में 200 कमार युवा नौकरी के लिए अर्जी लगाकर थक चुके हैं। मात्र 38 युवाओं को नौकरी मिल सकी है।

---

# टायर गोदाम में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अज्ञात कारणों से एक पुराने टायर गोदाम में भीषण आग लग गई। आग को काबू करने फायर ब्रिगेड की टीम सुबह तक जुटी रही। वहीं आग से निकलता धुआं बस्ती तक फैल गया।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम कसावाही में चारामा के एक व्यवसायी का पुराना टायरों का गोदाम है जहां आयल बनाने का काम किया जाता है। गोदाम में पुराने टायरों का काफी स्टाक रखा हुआ था। शुक्रवार की देर रात गोदाम से धुआं व आग की लपटें निकलने लगीं। भीतर रखे टायरों में आग पकड़ लेने से लपटें विकराल होती चली गईं। वहां काम करने वाले कर्मचारियों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। फायर ब्रिगेड की टीम दो वाहनों के साथ तत्काल ग्राम कसावाही पहुंच आग को काबू करने में जुट गई। वहीं बालोद से भी एक फायर ब्रिगेड का वाहन आग बुझाने पहुंचा था। टायरों में आग पकड़ लेने से फायर ब्रिगेड की टीम शनिवार की सुबह तक आग बुझाने के प्रयास में जुटी रही। आग को बुझाने लगातार पानी की सप्लाई होती रही। वहीं आग से निकलने वाला काला धुआं कुछ दूरी पर स्थित बस्ती तक फैल गया, जिससे ग्रामीण दहशत में आ गए। इस आगजनी में गोदाम में रखा सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि इस घटना में गोदाम का एक कर्मचारी घायल हुआ है, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


■ ग्राम कसावाही की घटना, बस्ती तक पहुंचा धुआं

---

# रुद्रेश्वर घाट जाने का रास्ता होगा आसान

■ बन रहा चौड़ा पुल, रूद्री बरॉज पर भी लोड होगा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रुद्रेश्वर घाट जाने बनाया गया पुल काफी संकीर्ण और कमजोर है। अब इसकी जगह पर मजबूत और चौड़ा पुल बनाया जा रहा है। इससे लोगों को सुविधा तो मिलेगी साथ ही रुद्री बरॉज पर वाहनों का लोड भी कम होगा और उसकी लाइफ बढ़ेगी।

महानदी तट पर स्थित रुद्रेश्वर मंदिर जिले के प्रमुख मंदिरों में से एक है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके अतिरिक्त नदी किनारे शमशान घाट है। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भी लोग आते हैं। दुर्गा, गणपति, देवशिल्पी विश्वकर्मा सहित अन्य उत्सव के बाद मूर्तियां यहीं विसर्जित होती हैं। विडंबना यह है कि यहां आने-जाने के लिए मार्ग नहीं बनाया गया है। बीच में महानदी मुख्य नहर पड़ती है, जिसमें काफी संकीर्ण और कमजोर पुल बना हुआ है। यहां पर दोपहिया वाहन ही चलते हैं। चार पहिया वाहनों को रुद्री बरॉज के उपर से घूमकर मंदिर, शमशान घाट व रुद्रेश्वर घाट तक जाना पड़ता है। इससे बरॉज पर अनावश्यक रूप से वाहनों का लोड बढ़ गया है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने स्थिति को देखते हुए नया और चौड़ा पुल निर्माण की मांग की थी। अब जाकर इस पर काम शुरू हुआ है। पुराने पुल के बाजू में चौड़ा पुल बनाने के लिए बेस तैयार किया जा रहा है। जेसीबी से खुदाई चल रही है। जानकारी के अनुसार इसके लिए 5 करोड़ से अधिक की स्वीकृति मिली है। इसमें पुल निर्माण के साथ नहर के छूट हुए हिस्से का निर्माण भी किया जाएगा। इस पुल के निर्माण के बाद लोगों को बरॉज से घूमकर रुद्रेश्वर घाट जाना नहीं पड़ेगा। इससे रुद्री बरॉज पर ट्रैफिक का लोड भी कम हो जाएगा।



---

# ज्वेलरी दुकान में लूट करने वाले दो नकाबपोश आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों को पकड़ने संयुक्त टीम ने भखारा से रायपुर शहर तक लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

भखारा में कट्टे की नोक पर ज्वेलरी दुकान में लूट करने वाले दो नकाबपोश आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 3 जनवरी की है।

ज्ञात हो कि तरूण सोनी के भखारा स्थित दुर्गा ज्वेलर्स में एक लड़की व लड़का मुंह में स्कार्फ बांधकर दुकान में प्रवेश कर कट्टे की नोक पर रानी हार लूटकर ले गए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भखारा में धारा 392 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने अज्ञात आरोपी को पकड़ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुरूद केके बाजपेयी के मार्गदर्शन में साइबर सेल तकनीकी एवं थाना भखारा की संयुक्त टीम आरोपियों की पतासाजी में जुट गई।

साइबर टीम एवं भखारा पुलिस ने घटना स्थल भखारा से रायपुर शहर तक लगे सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अध्ययन किया गया। सीसीटीवी फुटेज में संदेहियों को लक्ष्मी नगर कालोनी पचपेड़ी नाका रायपुर में जाते हुए देखा गया। संयुक्त टीम ने लक्ष्मी नगर कालोनी एवं आसपास की कालोनियों में मुखबिर लगा दिया। 12 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर संदेही आरोपियों को लक्ष्मी नगर कालोनी में पकड़कर पूछताछ की गई। इन्होंने अपना नाम अर्पितलाल मरकाम एवं प्रियंका इसरानी बताया। आरोपियों ने 3 जनवरी को दुर्गा ज्वेलर्स भखारा में सोना खरीदने के बहाने दुकानदार को पिस्टल दिखाकर, डरा धमकाकर लूट करना स्वीकार किया। लूटा गया हार एवं घटना में प्रयुक्त 1 नग देशी पिस्टल, 1 नग एक्स प्लस स्पोर्ट मोटर साइकिल कमांक सीजी 04 एमटी 4710 को जब्त किया गया। आरोपी अर्पितलाल मरकाम पिता दिनेशलाल मरकाम उम्र 29 साल साकिन बुढ़ापारा वार्ड कमांक 46 थाना सिटी कोतवाली पास रायपुर एवं प्रियंका इसरानी पिता नरेश इसरानी उम्र 20 साल साकिन बुढ़ापारा वार्ड कमांक 46 थाना सिटी कोतवाली पास रायपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी भखारा निरीक्षक शरद ताम्रकर, साइबर सेल तकनीकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश साहू, थाना भखारा सउनि तेजूराम साहू, मआर अमृता मतस्यपाल एवं साइबर सेल से प्रआर देवेन्द्र राजपूत, आरक्षक कमल जोशी, धीरज डड़सेना, वीरेन्द्र सोनकर, मुकेश मिश्रा, कृष्ण कन्हैया पाटिल , आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव, मनोज साहू, झमेल राजपूत, फनेश साहू, विकास द्विवेदी की भूमिका रही।



---


# ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार कॉलेज छात्रा की मौत

**ग्राम कोसमर्रा की घटना, दो छात्रा घायल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

भखारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोसमर्रा चौक मुख्य मार्ग में ट्रक की ठोकर से कॉलेज जा रही छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य छात्रा घायल हुई है जिन्हें इलाज के लिए ले जाया गया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भेंडरा निवासी प्रेमलता साहू 18 वर्ष पिता मोहित साहू अपनी सहेलियों के साथ स्कूटी से दोपहर को भखारा सिहाद कॉलेज जा रही थी तभी कोसमर्रा मोड़ के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएफ 0841 ने ठोकर मार दी जिससे पीछे बैठी प्रेमलता गिर गई और वह पहिया के नीचे में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भखारा थाना एएसआई नेहरू साहू ने बताया कि ट्रक की ठोकर से एक लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। दो लड़कियां घायल हो गई हैं जिन्हें तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया। ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।





---

सोमवार होने के कारण सूर्यदेव के साथ शिव का मिलेगा आशीर्वाद

# आज नहीं कल मनेगा मकर संक्रांति का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

इस साल 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। 14 जनवरी को रात 2 बजकर 54 मिनट पर सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेगा। संक्रांति 14 जनवरी को ही है लेकिन उदय तिथि के अनुसार मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जाएगी।

हिन्दू संस्कृति में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। इस दिन सूर्य के उत्तरायण होने से ऋतु में परिवर्तन शुरू होता है। यानी सूर्य की गर्मी इसी दिन से बढ़नी शुरू होती है। इस दिन से ठंड की विदाई और गर्मी में वृद्धि शुरू होती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव अपने पुत्र शनिदेव के घर जाते हैं। इस दिन दान करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। आमतौर पर मकर संक्रांति 14 जनवरी को ही पड़ती है। इसी समय शुक्र का भी उदय होता है। इस साल इसमें कुछ बदलाव हुआ है। संक्रांति काल 14 जनवरी की रात 2.54 है। उदय तिथि को ध्यान में रखते हुए 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी।



### बन रहे शुभ संयोग : पं. युवराज

पंडित युवराज शर्मा ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति में कई शुभ संयोग बन रहे हैं। 77 साल बाद इस दिन रवि योग और वरीयान योग का संयोग बन रहा है। इस दिन बुध और मंगल भी एक ही राशि धनु में होंगे। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति के दिन सुबह स्नान करने के बाद लोटे में लाल फूल व अक्षत लेकर सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। सूर्य के बीज मंत्र का जाप करने से सूर्यदेव का आशीर्वाद मिलता है। क्षमता अनुसार अन्न, कंबल, तिल और घी का दान करना चाहिए। शनिकाल में अन्न का सेवन न करें। किसी गरीब व्यक्ति को तिल का दान करने से शनि से जुड़ी हर पीड़ा से मुक्ति मिलती है।

### मिलेगा भोलेनाथ का आशीर्वाद : पं. रूपेश

पांच साल बाद इस बार मकर संक्रांति सोमवार को पड़ रही है। ऐसे में सूर्यदेव के साथ भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद भी मिलेगा। हर मकर संक्रांति में रुद्रेश्वर घाट में स्नान-दान के लिए लोगों की भीड़ लगती है। इस बार सोमवार होने के कारण भीड़ ज्यादा होने की उम्मीद है। पं. रूपेश शास्त्री ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन पानी में काला तिल डालकर स्नान करना चाहिए। ऐसा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है। पितरों की शांति के लिए जल में तिल डालकर अर्घ्य देना चाहिए।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### गुरुकुल की छात्रा प्रमिला निषाद मेरिट सूची में

**मगरलोड।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा सत्र 2022-23 के बीए अंतिम वर्ष की मेरिट सूची जारी की गई जिसमें गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड की



छात्रा प्रमिला निषाद पिता कोमल निषाद ने सातवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रा को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक राजेश शर्मा लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आदित्य शुक्ला, अय्यूब खान, देवेंद्र दादर एवं प्राचार्य डॉ. एचएल साहू सहित सहायक प्राध्यापक यादराम साहू, खिलेश्वर साहू, विष्णु दास मानिकपुरी, गेवेंद्र सिन्हा, सुरेंद्र निषाद, निरुपमा चक्रधारी, सुखचंद कश्यप ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गोजी की मड़ई में डांस का महासंग्राम आज

**सिर्री।** ग्राम विकास समिति एवं स्टूडेंट यूनियन कमेटी द्वारा ग्राम गोजी में 14 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ स्तरीय डांस का महासंग्राम रखा गया है। इसमें छत्तीसगढ़ के दूरस्थ जिले के अनेक प्रतिभागी प्रस्तुति देंगे। मड़ई मिलन समारोह के मुख्य अतिथि उमाकांत तिवारी चौकी प्रभारी बिरेझर होंगे। अध्यक्षता डीलन चंद्राकर जिला अध्यक्ष सरपंच संघ धमतरी करेंगे। शाम 7 बजे डांस का महासंग्राम शुरू होगा। इसकी मुख्य अतिथि तामेश्वरी गौकरण साहू जनपद सदस्य होंगी। अध्यक्षता खुशबू चेमन यादव सरपंच मौरीकला करेंगे। विशिष्ट अतिथि जगतपाल साहू सरपंच नारी, कृष्णकुमार साहू उपसरपंच गोजी होंगे। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि धरमपाल साहू सभापति जनपद पंचायत कुरूद होंगे। अध्यक्षता बहुरराम साहू सरपंच धूमा करेंगे। विशिष्ट अतिथि रूपेश निर्मलकर सरपंच कुहकुहा, थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, कविता पूर्णेंद्र देव साहू सरपंच

## निधन

### श्यामबाई साहू

**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली निवासी श्रीमती श्यामबाई साहू 90 वर्ष का 11 जनवरी को निधन हो गया। वे



बोधनलाल साहू, ईश्वर साहू, धर्मेंद्र साहू, गिरधर साहू की दादी थीं। उनके निधन पर लुकेश साहू, शैलेंद्र साहू, योगेश्वरी, इंद्रजीत, रितिक, हिमा, ईशा, ऋतु, अजय, युवराज, जयंत, मानस, दिव्या, डाली, कविता, ज्योति, मनीषा, हिमांशी, योगिता, सोनाक्षी सहित ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट किया।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। चर्म रोग दाद, खाज, बेमची, सायटिका, बवासीर, पथरी रोगी
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंग्रामोदी मेडिकल स्टोर्स के पास, बस्तर रोड, जोधपुर, धमतरी मो. 9174466336

वंदेमातरम परिवार ने आयोजित किया विवेकानंद जयंती महोत्सव

# अपने धर्म, संस्कृति पर गर्व नहीं करते तो आप मृत समान हैं : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

विश्व में जब भारत की छवि अंधविश्वासी, सांप- भालू पकड़ने और ताबीज बेचने वाले देश के रूप में थी, तब शिकागो में हुई धर्म संसद में भारत के युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद ने धर्म, संस्कृति पर व्याख्यान देकर दुनिया को चमत्कृत करते हुए कहा कि आप लाख भौतिक प्रगति कर लो लेकिन अपने धर्म, संस्कृति पर गर्व नहीं करते तो आप मृतत्व के समान है। उक्त बातें विधायक अजय चंद्राकर ने युवा दिवस पर कही।

कुरुद के इंडोर स्टेडियम में वन्देमातरम परिवार द्वारा राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। विधायक अजय चन्द्राकर का गजमाला से स्वागत कर नागरिक अभिनंदन किया गया साथ ही इस दिन को यादगार बनाने सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग अर्जुन्दा की प्रस्तुति हुई जिसका दर्शकों ने देर रात तक आनंद लिया।

कार्यक्रम कर अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी गोस्वामी ने कुरुद को नई पहचान दिलाने के लिए विधायक चंद्राकर का आभार व्यक्त किया। आयोजक भानु चंद्राकर ने अपनी संस्था के सेवा कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर पूर्व नपं अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, रविकान्त चन्द्राकर, पूर्व उपाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, कुलेश्वर चन्द्राकर, मूलचंद सिन्हा, मालकराम साहू, टिकेश साहू, तुमेश्वरी ध्रुव, प्रभात बैस सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।



**मोदी का नेतृत्व वाला भारत अब सिर्फ मंदिर की बात नहीं करता**

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक श्री चन्द्राकर ने कहा कि मोदी का नेतृत्व वाला अमृतकाल का भारत सिर्फ मंदिर की ही बात नहीं करता, नया भारत चन्द्रमा के दक्षिण ध्रुव में कदम रखता है। 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर हमारा आदित्य 1 सूर्य को नमस्कार करता है। देश में 370 खत्म कर हम मेक इन इंडिया की दिशा में आगे बढ़ते हुए अपने पैरों में खड़े होने की बात भी करता है। उन्होंने आगे कहा कि भक्तिकाल में गोस्वामी तुलसीदास, कबीर, नानक, ज्ञानेश्वर जैसे संतों ने देश को एकता के सूत्र में पिरोए रखा था। उसी सोए भारत की धर्म, संस्कृति को जागृत करने का काम स्वामी विवेकानंद ने किया था।

**22 जनवरी को अयोध्या की तरह सजे नगर व क्षेत्र**

अजय ने कहा कि जो बीज तुलसीदास ने बोया और विवेकानंद ने फैलाया था, उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री मोदी अमृत काल में नये भारत का निर्माण कर रहे हैं। आजादी के दौर में जो महत्व 15 अगस्त 1947 का था, वही आज सनातन के लिए 22 जनवरी 2024 का है। 500 साल बाद देशवासियों का सपना पूरा हो रहा है। आप सभी 14 जनवरी से स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाएं। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए 22 जनवरी को नगर एवं क्षेत्र अयोध्या की तरह सजे , इस बात का ध्यान हमें रखना है।

## धार्मिक आयोजन से गांव में एकजुटता बढ़ती है : अम्बिका



- सिरौदखुर्द में आयोजित रामायण महोत्सव में शामिल हुई विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

विधायक अम्बिका मरकाम ने सिरौदखुर्द कुकरेल में आयोजित दो दिवसीय रामायण महोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने प्रभु श्रीराम के गुणों का बखान करते हुए कहा कि जीवन को सफल बनाने सत्य का मार्ग अपनाना चाहिये। सिहावा विधानसभा सप्तऋषियों की धरती है। यहां श्रीराम चन्द्र के कदम पड़े थे। भगवान राम के जन्म के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने वाले महर्षि श्रृंगि ऋषि का आश्रम है। कल-कल करती जीवनदायिनी महानदी का उद्गम है जिसकी प्रेरणा से अनेक धार्मिक आयोजन होते हैं। विधायक ने आगे कहा कि भक्तिमय कार्यक्रम होने से धार्मिक वातावरण बनता है तथा गांव में एकजुटता बढ़ती है। उन्होंने पेयजल के लिये बोर, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाते हुए चुनाव में मिले सहयोग के लिये आभार माना। महोत्सव का प्रारंभ ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकालकर किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रकला नेताम, जनपद सदस्य संतोषी साहू, सरपंच सत्यवान ध्रुव, अजय यादव, सचिन भंसाली, भरत निर्मलकर, नीरज साहू, चंद्रहास साहू, चमरू मण्डावी, दुर्गा प्रसाद सेन, इकेश ध्रुव, योगेश ध्रुव, प्यारेलाल सेन, रेवतलाल साहू, महेश दास मानिकपुरी, मनराखन नेताम, कमल नारायण सिन्हा उपस्थित थे।

## कचना में कलश यात्रा के साथ बेल पत्र शिव महापुराण कथा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम कचना में ग्रामवासियों के सहयोग से श्री बेल पत्र शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कलश शोभायात्रा कथा पंडाल से लेकर पूरे गांव के गली मोहल्ले का भ्रमण करते हुए मां शीतला के प्रांगण शीतल तालाब से होते हुए वापस कथा पंडाल पहुंची। डीजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। अक्षत कलश को भी पूरे गांव में भ्रमण करने के साथ घर-घर आमंत्रण भी दिया गया। कथा वाचक श्रीश्री 1008 श्री महामंडलेश्वर मां अन्नपूर्णा पुरी वर्षा महाराज श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा उज्जैन ने संगीतमय कथा से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं विचार सभी के लिए अनुकरणीय

- हायर सेकंडरी कोसमर्रा में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शाउमावि कोसमर्रा में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य चैतराम साहू कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर, बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र गुरु, नरेश कुमार ने विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वक्ताओं ने कहा कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद का ह्दय मानव प्रेम से ओतप्रोत था। इनके विराट व्यक्तित्व एवं विचार हम सब के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने युवाओं में नई चेतना का संचार किया। उनका चिंतन एवं संदेश विश्व कल्याणकारी है।



वक्ताओं ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक युवा भारत में है। युवा देश के विकास का आधार होता है। युवा संकल्प लें कि नशामुक्त भारत बनाने में अपना योगदान दें। युवा दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी की स्पीच को प्रोजेक्टर द्वारा सभी छात्र-छात्राओं ने ध्यान से सुना। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर ने सात दिवसीय शिविर के संचालन के लिए संरक्षक प्राचार्य चैतराम साहू, शिविर सहसंचालक कुंदनलाल, शिविर नायक भोजराज यादव एवं शिविर नायिका डोमेश्वरी साहू को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर विविध कार्यक्रम हुए। लक्ष्य गीत साधना अवस्थी, नीतू, वैभव भाषण कुदंन, सिद्धार्थ, वैभव , रंगोली रिद्धि-सिद्धि, गुंजा, काजल, पोस्टर में एसकुमार, सिद्धार्थ, प्रभा ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन अनिल साहू शिक्षक ने किया।

## युवा ही राष्ट्र की असली ताकत : कुंजराम



- शाउमावि कुण्डेल में विश्व युवा दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डेल (मधुबन) में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानन्द की जयंती को विश्व युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक कुंजराम साहू ने कहा कि युवा ही राष्ट्र की शक्ति है। हमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन व्यायाम शिक्षक जयप्रकाश टांडे ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य संतोष साहू, व्याख्याता खिलेश्वरी बनपेला, ममता साहू, दिनेश साहू, ललिता उइके, होमेंद्र साहू, सहायक शिक्षक योगेश निषाद रामेश्वरी साहू, शाला नायक इंदू साहू, छात्र प्रतिनिधि लोकेश्वरी, मनीषा, रेशमा यादव, गणिता, लेखा साहू, गोदावरी, रामेश्वरी, आर्यकुमार, योगेश, गुलशन समेत स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संकरी में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम संकरी में 12 जनवरी शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ पुष्प अर्पित किए गए। मौके पर मौजूद रीनाकांत साहू, जीवधन साहू, गोविंदा साहू, योगेश साहू, युवराज, छबिकांत, लीलाधर, विद्यासागर, राजू, नेतराम साहू, जितेंद्र साहू ने उनके उनके विचार को आत्मसात करने की बात कही।

## व्यक्तिव की पहचान व्यक्ति के विचार, विवेक व्यवहार से : कविता

- महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में राष्ट्रीय युवा दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री का देशभर के युवाओं का संबोधन संबधी कार्यक्रम विद्यार्थियों को दिखाया गया। स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, उनके विचारों एवं सिद्धांतों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे ने विवेकानंद के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस मनाए जाने के संबंध में तथ्यात्मक जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि विवेकानंद के विचारों को अपने अन्दर आत्मसात कर लें तो आपको जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। युवाओं को नकारात्मक विचारों से दूर रहकर सतत अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर रहना चाहिए। डॉ. कविता वैष्णव विभागाध्यक्ष हिन्दी ने कहा कि वेशभूषा से किसी व्यक्ति के व्यक्तिव का आकलन नहीं लगाया जा सकता। व्यक्तिव की पहचान व्यक्ति के विचार, विवेक एवं व्यवहार से होती है।



डॉ. अविनाश आर निचत विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र ने विवेकांनद के जीवन प्रसंग पर जानकारी दी। रामकिशोर यादव विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने विवेकानन्द के विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को अपने छोटे-छोटे लक्ष्यों को पूर्ण कर राष्ट्र के विशाल लक्ष्य की प्राप्ति में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को शाश्वत बनाए रखने पर बल दिया। चेतनानंद बीएससी द्वितीय वर्ष ने विवेकांनद के जीवन दर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रकट श्री बंजारे ने किया।

कुहकुहा में विवेकानंद जयंती पर हुआ कवि सम्मेलन

## छत्तीसगढ़ के कवियों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया


हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम कुहकुहा में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवाओं और ग्रामीणों के सहयोग से रात्रिकालीन कवि सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, विशेष अतिथि जागृति साहू अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा कुरूद, टिकेश साहू महामंत्री भाजपा मंडल कुरुद, ललित चौधरी, भारत साहू ग्राम पटेल, जैनेन्द्र साहू,



ओसाराम साहू थे। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के कवियों ने कविता पाठ करते हुए दर्शकों का मन मोह। विरेंद्र तिवारी डोंगरगांव ने अपनी कविता में कहा कि सभी का कल्याण कर उन्नति के पथ पर बढ़ना होगा। कुलदीप सिन्हा दीप कुकरेल ने कहा कि मैं व्यंग का कवि हूं, व्यंग हमेशा लिखता हूं। पेट्रोल के जैसे होकर मंहगा, मोल पानी के मैं बिकता हूं। मोहन कंसारी ने नारियों की विवशता पर प्रकाश डाला। लीलाराम सिन्हा ने अभिव्यक्ति पर कविता पढ़ी। कवि सम्मेलन के संयोजक रामेश्वर साहू बकली ने गीत गजल पढ़ी। कार्यक्रम में विवेकानंद युवा समिति से हरिनारायण साहू, पोषण साहू, सोमप्रकाश साहू, तरुण, ललित, टिकेंद्र, सुरेश, दुर्गेश दुष्यन्त, नीलमणि, टाकेश साहू समेत अनेक लोगों का सहयोग रहा। हरिनारायण साहू ने आभार व्यक्त किया।

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण से परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ अक्षय वैद
MS,MCh,
Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
19 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश
MD,DM
Interventional
Cardiologist
20 जनवरी 2024 शनिवार
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री से मिलकर रखी अपनी मांग

**धमतरी**। तृतीय वर्ग कर्मचारी का दर्जा और उसके समान ही वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। उन्होंने आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर पदोन्नति की मांग भी रखी। वेतनवृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका चुनाव से पहले से ही आवाज उठा रही हैं। अब भाजपा की सरकार बनने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अपनी मांग उनके सामने रखी। उनकी मुख्य मांगों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को तृतीय वर्ग का दर्जा, सहायिका को चतुर्थ वर्ग का दर्जा दिया जाना है। सुपरवाइजर के पद पर वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति, मिनी आंगनबाड़ी को पूर्ण आंगनबाड़ी में तब्दील करना शामिल है। इसके अतिरिक्त साड़ी की जगह ड्रेस कोड के रूप में ब्लेजर दिए जाने की मांग उन्होंने रखी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में श्रीमती गायत्री बाऊल, श्रीमती रेवती वत्सल, गीता बाघ, प्रमिला ठाकुर, सुलेखा शर्मा, विद्या जैन, सोनबाई बंजारे, नीता काजवे, सारिका तिवारी, रोशनी शर्मा, पुष्पा सरजाल आदि शामिल थे।

### नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**धमतरी**। श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिये मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 तक थी, किन्तु विधानसभा चुनाव के आदर्श आचरण संहिता की वजह से कई विद्यार्थी योजना का लाभ लेने से वंचित हो गये हैं। इसके मद्देनजर ऑनलाइन आवेदन की तिथि दो माह बढ़ाकर 31 मार्च 2024 तक की गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पीएम जनमन योजना से घुमंतू कमारों की परंपरा हो जायेगी विलुप्त

कमार जनजाति के हैं। इसकी जनसंख्या 4477 हैं। मगरलोड की 24 ग्राम पंचायतों के 25 गांव में 485 कमार परिवर निवासरत हैं। इसकी जनसंख्या 1701 है। धमतरी विकासखंड की 4 पंचायत में 5 ग्राम हैं जहां 32 कमार परिवार रहते हैं। यहां की जनसंख्या 119 है। अधिकांश कमार परिवार का कच्चा मकान गांव से अलग है जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। हाल ही में केंद्र सरकार ने पीएम जनमन योजना लागू की है जिसके तहत आयुष्मान कार्ड, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी, कौशल विकास, छात्रावास संबंधित विभाग के कर्मचारी कम्प्यूटर के साथ कमार डेरा पहुंच रहे हैं।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा : परखंदा के ग्रामीणों को दी सरकार की योजनाओं की जानकारी**

# भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र होने का गौरव प्राप्त करेगा : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर यानी वर्ष 2047 में भारत 'आत्मनिर्भर और विकसित' राष्ट्र होने का गौरव प्राप्त करेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को भारत को 'आत्मनिर्भर और विकसित' राष्ट्र बनाने का विजन दिया है। उक्त बातें भाजपा नेत्री ज्योति भानु चंद्राकर ने बतौर मुख्य अतिथि ग्राम परखन्दा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।



शनिवार को सुबह 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाओं को इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा गया। साथ ही विभिन्न विभाग योजनाओं के लिए पंजीकरण भी करवाया। कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सीएससी, समाज कल्याण विभाग सहित जिला प्रशासन के अन्य विभागों ने अपने स्टॉल्स लगाये थे।

इस अवसर पर चैनसिंग साहू, शैल साहू, चम्पेश्वर साहू, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, ब्लाक स्तर के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

#### लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं की तारीफ की

मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयास से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों को घर बैठे सरकार की 'अंत्योदय' व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इससे पहले मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव साझा करते हुए लाभार्थियों ने सरकार की अंत्योदय व गरीब कल्याण व उत्थान को समर्पित योजनाओं की सराहना की।

## राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए प्रियंका पटेल का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

67वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर(मप्र) में किया गया है। बालिका वर्ग की अंडर 19 आयु वर्ग में शिव सिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में अध्ययनरत कक्षा 11वीं की छात्रा कु. प्रियंका पटेल पिता कलमेश पटेल का चयन छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस टीम में नम्बर 4 रैंक पर हुआ है। गौरतलब है कि सितंबर माह में शालेय राज्यस्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित की गई जिसमें रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन से रायपुर की टीम ने सिल्वर मैडल अपने नाम किया, वहीं व्यक्तिगत रैंकिंग मैचों में प्रियंका ने दुर्ग जोन व बस्तर जोन की खिलाड़ियों को हराकर छत्तीसगढ़ टीम में नम्बर 4 रैंक हासिल की थी।



## बाईपास में लग रहे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाईपास में ट्रैफिक का लोड बढ़ता जा रहा है, जिसे देखते हुए इस मार्ग पर कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों का संचालन मरौद स्थित टोल प्लाजा से होगा। कैमरे लगाने का उद्देश्य यहां पर होने वाली दुर्घटनाओं पर नजर रखना और दुर्घटनाओं के कारणों को कम करना है।

8 साल के लंबे इंतजार के बाद बाईपास मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। अभी भी वाहन केवल एक ओर ही शुरू हो पाया है। बाईपास में तीन स्थानों पर बिजली के हाईटेंशन तार क्रास हैं, जिससे ज्यादा उंचे वाहनों के चलने पर प्रतिबंध हैं। इन सब के बाद भी बाईपास में छोटे और हल्के वाहनों की संख्या काफी बढ़ गई है। इसके साथ ही दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। अब तक कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अब नेशनल हाइवे अथारिटी अभिकरण द्वारा यहां पर दुर्घटनाओं से सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी के तहत बाईपास में 16 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

## पुलिस विभाग में बड़ी सर्जरी थाना प्रभारियों के प्रभार बदले

- एसआई, एएसआई सहित प्रधान आरक्षक व आरक्षकों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कानून व्यवस्था में कसावट लाने एसपी ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है, जिसमें निरीक्षक का प्रभार बदला गया है। वहीं एसआई, एएसआई सहित आरक्षकों का तबादला किया गया है।

शनिवार को एसपी प्रशांत ठाकुर ने थाना व चौकी प्रभारियों के प्रभार में बदलाव किया है। पुलिस कार्यालय से जारी तबादला सूची के अनुसार निरीक्षक अरूण कुमार साहू को नगरी से कुरूद थाना, सन्नी दुबे रूद्री से नगरी, शरद ताम्रकार भखारा से यातायात प्रभारी, लेखराम सिहावा से भखारा, राजेश जगत बोराई से मगरलोड थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह दीपा केंवट को कुरूद से महिला सेल प्रभारी, प्रमोद कुमार अमलतास को अकलाडोंगरी व निरीक्षक शोभा मण्डावी को महिला सेल से बिरेझर चौकी का प्रभार दिया गया है। उपनिरीक्षक चन्द्रकांत को सिहावा थाना प्रभारी, अजय सिंह चौकी प्रभारी करेली बड़ी, उमाकांत तिवारी को रूद्री थाना की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं एसआई लक्ष्मीशंकर मण्डलेश्वर को अर्जुनी, रविन्द्र कुमार को कुरूद थाना भेजा गया है। एसआई चन्द्रशेखर को खल्लारी थाना का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह एसपी ने 9 एएसआई का भी तबादला किया है जिसमें रामकृष्ण साहू धमतरी थाना, रिखीराम साहू धमतरी, धनीराम नेताम करेली बड़ी, दिनेश सोनकर रक्षित केन्द्र, कमिलचंद सोरी कुरूद, संतोष नेताम धमतरी, घनश्याम वर्मा रूद्री, परसराम निषाद बोराई व रामकृष्ण साहू को यातायात शाखा में भेजा गया है। अधिकारियों के तबादले के बाद एसपी ने इकाई के विभिन्न थानों व रक्षित केन्द्र में पदस्थ 22 प्रधान आरक्षक व 62 आरक्षकों का तबादला किया है।



## ऋषि बाबा की तपोभूमि में कल होगा विष्णु महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिहावा(नगरी)

इस वर्ष भी सिहावा अंचल की सुख शांति तथा विश्व शांति के लिए मकर सक्रांति पर्व पर बाबा श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली ग्राम सिहावा में तीन दिवसीय विष्णु महायज्ञ का आयोजन 14 से 16 जनवरी तक किया गया है। आज सुबह से महानदी मैया के पवित्र जल में स्नान कर विष्णु महायज्ञ का प्रारंभ होगा। उल्लेखनीय है कि श्रृंगी ऋषि बाबा हर भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं।



मान्यता है कि निः संतान दंपति मनोकामना के लिए यज्ञ में आहुति देते हैं। इससे अवश्य ही उनका मनोरथ पूर्ण होता है। हर वर्ष सैकड़ों श्रद्धालु यज्ञ में बैठते हैं। बाबा श्रृंगी ऋषि की महिमा वेद पुराणों में उल्लेख है। एक बार राजा दशरथ ने संतान प्राप्ति के लिए श्रृंगी ऋषि बाबा से यज्ञ करवाया था। फलस्वरूप उन्हें चार पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी तब से लेकर आज तक बाबा श्रृंगी ऋषि का नाम जगत में प्रसिद्ध है। बाबा जी के कमंडल से गंगा मैया की उत्पत्ति सिहावा महेंद्र गिरी से हुई है। यहीं से निकलकर महानदी छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी नदी कहलाई और बंगाल की खाड़ी में जाकर समाहित हुई है। आस्था और विश्वास के चलते भक्त बाबा जी के दर्शन के लिए रोजाना पहुंचते हैं।

यहां के स्थानीय निवासियों में श्रृंगी ऋषि के प्रति अपार आस्था और विश्वास होने के कारण क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि के लिए विगत कई वर्षों से विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। यहां हर साल भक्तों का मेला लगता है। हजारों भक्त विष्णु महायज्ञ में सम्मिलित होकर यज्ञ में आहुति देते हैं।

## शराब की बिक्री करते 12 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध रूप से शराब बेचने वाले 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 77 पौवा अवैध शराब जब्त की है।

शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने जेल तिराहा मार्ग बठेनापारा में झम्मन लाल ध्रुव 21 वर्ष निवासी ग्राम खपरी को 25 पौवा अवैध देशी शराब व महुआ शराब के साथ पकड़ा है। अर्जुनी पुलिस ने सेवकराम कंवर 30 वर्ष ग्राम बलियारा निवासी को गांव के ग्राम पंचायत भवन के पास 13 पौवा अवैध शराब व ग्राम हरफतराई निवासी राजकुमार चंदेल को 10 पौवा अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसी तरह ग्राम अरौद के मोंगरीपारा निवासी मंगलूराम ध्रुव व कुमारी बाई निर्मलकर को अवैध रूप से शराब बेचते पकड़ा गया। कुरूद पुलिस ने रामकुमार ध्रुव 42 वर्ष व विनोद सिंह राजपूत धोबिनपारा कुरूद निवासी को शराब बिक्री करते गिरफ्तार किया है। मगरलोड पुलिस ने लीलेश्वर कुमार ग्राम मड़ेली निवासी, अमरौतिन बाई ध्रुव बूढ़ापारा पठार निवासी व बुधारूराम कमार ग्राम मोहेरा-धिकुरिया निवासी को अवैध महुआ शराब बेचते पकड़ा है। इसी तरह सिहावा पुलिस ने छेदीराम भास्कर ग्राम साल्हेटोला थाना दुधावा को ग्राम टांगापानी में, कमलनारायण मत्स्यपाल कोड़मुड़पारा सांकरा निवासी को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते गिरफ्तार किया है।

इस पूरी कार्रवाई में पुलिस ने 12 आरोपियों से कुल 77 पौवा देशी शराब कीमत 6160 रूपये, 10 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 1200 रूपये, 28.7 लीटर महुआ शराब कीमत 4300 रूपये, बिक्री रकम 2660 रूपये कुल 15120 रूपये जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे शासन की योजनाएं : मालकराम

- गुदगुदा पहुंची भारत संकल्प यात्रा, हितग्राहियों को बांटी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत गुदगुदा में हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष मालकराम साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच घनश्याम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि एवं कुरूद प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, पत्रकार गणेश साहू, भाजपा नेता थानेश्वर साहू, तुमेंद्र साहू संजय राज, कुंजलाल साहू, मन्नू लाल साहू, गोखलू राम थे।



इस अवसर पर हितग्राहियों को उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड वितरण करते हुए बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार और शिशुवती महिलाओं को पोषित आहार वितरित किया गया।

मुख्य अतिथि मालक राम साहू ने आयुष्मान भारत योजना, पीएम आवास योजना, उज्वला गैस योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम पोषण विधि पीएम नरेंद्र योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, कौशल विकास योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्नदाता योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी योजनाएं चलाकर भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदगुदा की छात्राओं ने सुआ नृत्य, सांस्कृतिक नृत्य में मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर टेकराम सोनकर, मनोज नेम, शेखचंद ठाकुर, तरुण कुमार सिंह, श्रीमती चंद्रप्रभा बघेल, टैमनलाल साहू, नेम बाई साहू, तारिणी साहू, सोमलता शुक्ला आदि मौजूद थे।

## मॉर्निंग इलेवन, धमतरी ब्रदर्स, मोबाइल इलेवन ने जीत दर्ज की



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी कार्पोरेट रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन 3 मैच खेले गए। पहले मैच में मॉर्निंग इलेवन ने निर्धारित 10 ओव्हर में 6 विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए। जवाब में कीर्ति इलेवन 7 ओव्हर में 64 रन पर ही ऑलआउट हो गया।

इस तरह मॉर्निंग इलेवन 70 रनों से मैच जीता। दूसरा मैच डॉक्टर इलेवन और धमतरी ब्रदर्स के बीच खेला गया। डॉक्टर इलेवन ने 8 विकेट खोकर 63 रन बनाए।

धमतरी ब्रदर्स ने तीन विकेट के नुकसान पर 6 ओव्हर में 64 रन बनाकर मैच जीता। आखिरी मैच में डीसीडीए किंग्स ने 5 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। जवाब में मोबाइल इलेवन ने 5 विकेट खोकर 9 ओव्हर में 134 रन बनाये और जीत दर्ज की।

## मुख्यमंत्री को कर्णेश्वर धाम आने का दिया न्यौता



**नगरी**। भारतीय जनता पार्टी नगरी एवं बेलरगांव मंडल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शाह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर उन्हें माघ पूर्णिमा पर कर्णेश्वर धाम में आयोजित मेला में आने का न्यौता दिया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, कर्णेश्वर धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, नगरी मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, नगरी मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, बेलरगांव मंडल अध्यक्ष अकबर कश्यप, महामंत्री मनोहर मानिकपुरी, बेलरगांव सरपंच उमेंद्र दीवान, राजेंद्र साहू, मोरध्वज सेन, उमेश साहू, नरेश गायकवाड़, नरेंद्र बल्लू सेन उपस्थित थे।

## पीजी कालेज में लगी राष्ट्रीय गणित परीक्षा पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित परीक्षा 2024 की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे की अध्यक्षता तथा प्रो. राजेन्द्र पावले मुम्बई विवि मुम्बई के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न विद्यालयों से 30 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होकर 21 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय गणित स्पर्धा हेतु मार्गदर्शन ले रहे हैं।

प्रो. राजेन्द्र पावले ने 6 सेशन लेकर नम्बर थ्योरी तथा डिस्क्रीट गणित पर व्याख्यान दिया। डॉ. प्रेमलता वर्मा बिलासा महाविद्यालय बिलासपुर ने दो सेशन लेकर प्रायिकता तथा ज्यामिति पर व्याख्यान दिया। अंतिम सेशन में डॉ. पी. झा बलौदाबाजार ने नम्बर थ्योरी पर सेशन लेकर अंतिम व्याख्यान दिया। प्रो. उद्यन प्रजापति सेंट जेवियर्स कॉलेज अहमदाबाद ने ज्यामिति तथा प्रायिकता पर दो सेशन लेकर व्याख्यान दिया। अगले सेशन में डॉ. विनोद पाठक द्वारा नम्बर थ्योरी पर व्याख्यान दिया गया। उद्यन प्रजापति ने दो सेशन लिया। अंतिम सेशन डॉ. विनोद पाठक ने लिया। 12 जनवरी को प्रथम सेशन प्रो. पार्वती तथा अगले दो सेशन प्रो. उद्यन प्रजापति तथा अंतिम दो सेशन डॉ. विनोद पाठक ने लिया। डीपीएस स्कूल धमतरी के प्राचार्य कार्यशाला में बाहर से आये अतिथियों से मिले तथा ऐसी कार्यशाला अपने स्कूल में भी संचालित करने कार्यशाला के संयोजक डॉ. विनोद पाठक से चर्चा की। सभी छात्र-छात्राएं इस कार्यशाला से संतुष्ट थे। उन सभी से फीडबैक फार्म भी भरवाया गया।



छत्तीसगढ़ के विभिन्न विद्यालयों से 30 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: ... मो. 9406004581
बिलासपुर: ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### 22 को श्रीराम की होगी महाआरती

**धमतरी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र आयोजन समिति एवं पीबीएस आयल इंडस्ट्रीज अर्जुनी द्वारा 22 जनवरी सोमवार को रात्रि 8 बजे से शास्त्री चौक में श्रीराम की भव्य महाआरती हरिद्वार की गंगा आरती के पंडितों द्वारा की जायेगी। कारसेवकों का सम्मान, संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व रंगारंग आतिशबाजी भी होगी।

### श्रुति साहू बनी सिविल जज

**धमतरी।** हर वर्ष देश में लाखों की संख्या में छात्र सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करते हैं। यूपीएससी की परीक्षा पास करना हर किसी का सपना होता है। मेनोनाईट इंग्लिश सीसे स्कूल की भूतपूर्व छात्रा श्रुति साहू पिता टीआर साहू ने कड़ी मेहनत एवं लगन से छत्तीसगढ़ सिविल जज क्लास-2 की प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल जज के पद पर नियुक्त हुई। इन्होंने अपने परिवार के साथ अपनी शाला और नगर को गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर शाला प्रबंधन समिति एवं प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा सहित शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।



### पहले ही महीने में पूरी हुई कई बड़ी गारंटी : कविंद्र

**धमतरी।** भाजपा जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने उपलब्धियों से भरे एक माह पूर्ण किये। इस एक माह के अल्प समय में प्रदेश की सरकार का पूरा फोकस प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों को पूरा करने में रहा। प्रदेश में सरकार के गठन के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 13 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाकर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल की जन्म जयंती के दिन प्रदेश के किसानों को 2 वर्ष के बकाया बोनस के रूप लगभग 3800 करोड़ रुपये सीधे खाते में ट्रांसफर किये। पिछले 5 वर्षों से रुके हुए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति देने संबंधी फाइल में दस्तखत किये। इसी सत्र से ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी प्रारंभ की। 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से अंतर की राशि किसानों को एक मुश्त देने की घोषणा की। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दिव्य मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा को यादगार बनाने तथा उस दिन दिवाली की तरह उत्सव मनाने के लिये प्रदेश के सभी स्कूल, कालेजों मे छुट्टी की घोषणा की।



### अटंग मड़ई 5 फरवरी को

**सिर्री।** ग्राम अटंग में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 फरवरी को मड़ई रखी गई है। रात्रि में मनोरंजन के लिए माटी के सिंदूर बूटाकसा होच्चेटोला मोहला मानपुर का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है।

### निधन

### अनसुइया बेन लोहाना

**धमतरी।** अनसुइया बेन भीखूलाल लोहाना 89 वर्ष का 13 जनवरी शनिवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4 बजे निवास स्थान मणिनगर गुजराती कॉलोनी के पीछे धमतरी से निकली। वे डॉ. उमेश लोहाना, मुकेश लोहाना, शरद लोहाना की मां व पराग, भरत लोहाना की दादी थीं।



बलपूर्वक तोड़े जाने के नोटिस से स्टेशनपारा के रहवासी सहमे

# पीएम आवास पर किया कब्जा, लेकिन पानी-बिजली की सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्टेशनपारा के 286 रहवासियों में से 30 से 40 परिवार ऐसे हैं जिन्होंने रेलवे के नोटिस मिलने के बाद महिमासागर वार्ड स्थित बहुमंजिला पीएम आवास में बेधड़क कब्जा जमा लिया है। लेकिन वे बिजली, पानी, शौचालय की समस्या से जूझ रहे हैं।

रहवासियों ने बताया कि रेलवे द्वारा बेदखली के नोटिस जाने के बाद वे डरे सहमे हुए थे। घर तो छोड़ना ही था, लेकिन शहर में उन्हें किराया का मकान देने के लिए कोई तैयार नहीं है। आखिर में वे



मजबूरी में पीएम आवास में रहने के लिए आ गए हैं। यहां सुविधाएं कुछ भी नहीं हैं। आबादी से दूर रहने के कारण भवन के आसपास सांप, बिच्छुओं का डेरा है। पानी, बिजली, शौचालय, सड़क की सुविधाएं नहीं हैं। दूर से पानी लाना पड़ता है। शौच और स्नान के लिए सार्वजनिक शौचालय जा रहे हैं। बिजली के अभाव में लालटेन जला रहे हैं। भवन निर्माण का काम अधूरा है। फर्श तैयार नहीं है। खिड़की नहीं है।

प्रभावित परिवार परसराम, त्रिलोचन, दशरथ, दश्मेश, फिरंतीन आदि ने बताया कि रेलवे ने नोटिस थमाकर कहा कि जगह तत्काल खाली करें, अन्यथा बलपूर्वक तोड़ दिए जाएंगे। इस बात से वे चिंतित हो गए। रहने के लिए शहर में अलग से निवास नहीं है। शासन-प्रशासन व निगम को आवास के लिए कई बार ज्ञापन आवेदन दिया गया, इसके बाद उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि कुल 286 परिवार रेलवे भूमि में निवासरत हैं जिन्हें रेलवे द्वारा बेदखल किया जाना है। प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास में व्यवस्थापन करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। निगम कमिश्नर विनय पोयाम का कहना है कि पीएम आवास में रहने गए लोगों से आवेदन देने कहा गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद पात्र लोगों को नियमतः आवास दिया जाएगा।

## राइस मिल में काम करने वाले प्रवासी मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत

- कृष्णा राइस मिल के पास चरमुड़िया रोड में अज्ञात वाहन ने ठोका

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



मूर्ति राइस मिल कुरुद में हमाली करने वाले एक प्रवासी मजदूर की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे हुआ। किसी अज्ञात वाहन ने प्रवासी मजदूर को कुचल दिया जिसकी वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना कुरूद पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धनसाय ध्रुव पिता बुधराम ध्रुव उम्र 45 वर्ष भारवन थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा वर्तमान में इन्दिरा नगर कुरूद में किराये पर अपने परिवार के साथ रहता था। वह मूर्ति राइस मिल कुरूद में हमाली का काम करता था।

शुक्रवार की रात्रि करीबन 8:30 बजे कृष्णा राइस मिल के पास चरमुड़िया रोड में अज्ञात वाहन ने उसे ठोक दिया जिससे धनसाय ध्रुव की कमर, पैर, हाथ, पीठ एवं शरीर के अन्य जगह पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई।

हादसा इतना भयानक था कि मृतक के दोनों पैर घुटने के पास बुरी तरह कुचलाने की वजह से अलग हो गये थे। बहरहाल कुरूद पुलिस ने मृतक की पत्नी श्रीमती गीता बाई ध्रुव की सूचना पर मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया है।

## सिहावा चौक के पास पाइप लाइन की हुई मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के मुख्य मार्ग में सिहावा चौक डागा धर्मशाला संजय पेंटर के सामने पाइप लाइन लीकेज था जिससे भारी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा था। शुक्रवार को जल विभाग के कर्मचारियों ने सुधार कार्य किया। इसका निरीक्षण करने नगर पालिक निगम के जल विभाग के अध्यक्ष अवैश हाशमी पहुंचे। कर्मचारियों ने पाइप लाइन में सुधार कार्य कर व्यर्थ बह रहे पानी की बर्बादी को रोका। इससे इस मार्ग में आने-जाने वालों को राहत मिली।

इस कार्य में जल विभाग के सहायक लिपिक मंगलू निर्मलकर, प्रहलाद मंडावी, रौशन जांगड़े, तीजू, लोकेश, ओमप्रकाश, महादेव, जेसीबी चालक मोहम्मद मोबीन, रामनारायण, ट्रेक्टर चालक परसराम आदि जुटे थे।

## नगर घड़ी के खराब होने की संभावना अब होगी कम

- घड़ी के सेटअप में किया गया परिवर्तन
- डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर घड़ी के खराब होने की संभावना अब कम हो गई है। परंतु अब इसके पूरे सेटअप में परिवर्तन किया गया है तथा पैनल का स्थान परिवर्तन किया गया है। उपायुक्त पीसी सार्वा ने पहले दफा जब घड़ी का निरीक्षण किया था तब उन्होंने बंद घड़ी को चालू करवाया था। इसके बाद बीच में अचानक से फिर घड़ी बंद हो गई थी।

खराब होने के कारणों का पता लगाकर उन्होंने इसे भविष्य के लिए भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने घड़ी का अवलोकन किया। उन्होंने उपायुक्त



को बताया कि पैनल का स्थान चेंज करना पड़ेगा। क्योंकि जिस स्थान पर पैनल लगा है, उस स्थान पर सुधार किए जाने के लिए एलिवेटर की आवश्यकता पड़ती है तथा ऊपर में लगी घड़ी के स्थान में पक्षियों एवं अन्य के द्वारा पैनल को डिस्टर्ब किया जाता है जिससे घड़ी के खराब होने की संभावना बनी रहती है। उपायुक्त श्री सार्वा ने विद्युत विभाग के रोशन लौंढे को पैनल को सुव्यवस्थित तरीके से पैनल बॉक्स के माध्यम से बॉक्स लगाकर नीचे शिफ्ट करने के निर्देश दिए। ऊपर में लगे हुए पैनल को नीचे शिफ्ट कर दिया गया है। अब घड़ी चौक की घड़ी के खराब होने की संभावना बहुत कम होगी तथा खराब होने पर भी एलिवेटर की आवश्यकता नहीं होगी।

## सिंधी समाज के चंद्रलाल अध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री पूज्य पंचायत सिंधी समाज का चुनाव हुआ जिसमें चंद्रलाल जसवानी अध्यक्ष निर्वाचित हुए। रामचंद वाधवानी एवं किशोर चरवानी उपाध्यक्ष बने। आमापारा स्थित सिंधी समाज धर्मशाला में शुक्रवार को चुनाव हुआ। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष योगेश जसूजा की देखरेख में निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी राजकुमार वाधवानी थे। चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से मतदान हुआ। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रलाल जसवानी ने कहा कि समाज के विकास के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। जो दायित्व उन्हें मिला है, उसमें वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। सामाजिक गतिविधियों को एक नई दिशा देने का प्रयास होगा।

## नवकार महिला मंडल ने कन्या को दी विवाह सामग्री

- जरूरतमंदों की मदद करने हमेशा आगे रहती है संस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवकार महिला मंडल लगातार जरूरतमंदों की मदद करने हमेशा आगे रही है। संगठन ने अपने सेवा सप्ताह के दौरान स्कूल, वृद्धा आश्रम, आंगनबाड़ी, एग्जिट फाउंडेशन, जिला अस्पताल, सरकारी अस्पताल, फुटपाथ में कपड़ा, भोजन आदि का वितरण किया। इसी बीच मंडल को गरीब बच्ची परमेश्वरी देवांगन के बारे में जानकारी मिली कि उनकी शादी होने वाली है। पिता नहीं है और अपना जीवन यापन मजदूरी करके कर रही है।

संगठन की अध्यक्ष संतोष मिन्नी ने बताया कि उनकी शादी की जरूरतों को पूरी करने के लिए संगठन की ओर से जरूरी सामान दिया गया जिसमें साड़ी, लहंगा, चुनरी, चांदी की पायल, बिछिया, नाक का कांटा, सोने का मंगलसूत्र, आर्टिफिशियल सेट, कंगन, ड्रेसिंग टेबल, बर्तन, गलीचा, बेडशीट, टावेल, नेपकिन, सूटकेश, एयरबेग, कास्मेटिक सामान, मेकअप सामान, चूड़ी, बिंदी, कल्चर साबुन, ब्रश, पेस्ट, ब्लांकेट, पानदान आदि सामग्री भेंट की गई। सामान पाकर बच्ची परमेश्वरी काफी प्रसन्न नजर आई।






ज्ञात हो कि नवकार महिला मंडल की ओर से अभी तक 11 बच्चियों को घर गृहस्थी का सामान देकर विदा किया गया। परमेश्वरी देवांगन 12वीं की छात्रा है जिसे जरूरत का सामान दिया गया। ज्ञात हो कि परेश्वरी की शादी 26 जनवरी कोसमाज के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में होगी। गौरतलब है कि संगठन की सबसे पहले गोद ली हुई विजयलक्ष्मी के बेटे का जन्मदिन भी मनाया गया।

इस अवसर पर विजय प्रकाश जैन, आतिश जैन, बसंत ओसवाल, राजा रोहरा आदि उपस्थित थे। सभी ने मंडल के कार्यों की सराहना की। मौके पर संगठन की अध्यक्ष संतोष मिन्नी, सचिव कुसुम गोलछा, कोषाध्यक्ष इंदु जैन, सुमन, रीता छाजेड़, सरिता, दीपा, सपना जैन, सुमन राखेचा, शकुन, कंचन चोपड़ा, बिंदु ओसवाल, परमेश्वरी की मां कुमारी देवांगन व भाई उपस्थित थे।

## जिले के भाजपाइयों ने किया अपने नेताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रायपुर में आयोजित संभाग स्तरीय सम्मेलन में जिले के भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर का पुष्पमाला से अभिनंदन किया। मौके पर जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, प्रदेश मंत्री रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, श्रीमती पिंकी शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष कुंजलाल देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रीतेश गांधी, जिला महामंत्री कविंद्र जैन, प्रकाश बैस, जिला उपाध्यक्ष अरविंदर मुंडी, श्रीमती ज्योति चंद्राकर, नरेश सिन्हा, गौकरण साहू, रविकांत चंद्राकर, श्रीमती श्यामा साहू, प्रदेश मंत्री राजेंद्र गोलछा, श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, डॉ बीथिका विश्वास, रामस्वरूप साहू, विनय जैन, श्रीमती अर्चना चौबे, हेमंत माला, भानु चंद्राकर, धनीराम सोनकर, रोहिताश मिश्रा, नागेंद्र शुक्ला, विकल गुप्ता, रवि दुबे, रामगोपाल देवांगन, मोहन नाहटा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

### कौशल परीक्षा 21 को

**धमतरी।** जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी में स्टेनोटाइपिस्ट, स्टेनोग्राफर अंग्रेजी और सहायक ग्रेड-तीन के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये कौशल परीक्षा 21 जनवरी को जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जायेगी। चयन समिति की अध्यक्ष एवं एडीजे सुनीता टोप्पो ने बताया कि स्टेनो टाइपिस्ट हिन्दी के अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण सुबह 8.30 बजे से और परीक्षा 9.30 बजे से आयोजित होगी। स्टेनोग्राफर अंग्रेजी की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से और सहायक ग्रेड-03 के लिये दस्तावेज परीक्षण सुबह 9.30 बजे से तथा परीक्षा दोपहर 12 बजे से आयोजित की जायेगी।

शिवशंकर मेडिकल कुरूद में 16 जनवरी, मंगलवार
विजय मेडिकोज धमतरी में 17 जनवरी, बुधवार
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया
एम.डी. (होम्योपैथी मेडिसीन)
(अनुभव 10 वर्ष)
डॉ. एस. चौरसिया
एम. एस. (पाईल्स विशेषज्ञ)
परामर्श हेतु उपलब्ध- समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा
रोगों का जड़ से निदान
गठियावात- L4-L5 नसों में दबाव के कारण, स्लिप डिस्क, सायटिका के कारण अकड़न, दर्द, चलने पर परेशानी या चलने पर असमर्थ होना, चुभन, झुनझुनी का संपूर्ण निदान
लकवा, घुटना, कंधा, गर्दन, Teenis Elbow, वात रोग का संपूर्ण निदान
मूत्र रोग- पेशाब पर जलन, दर्द, छाले (Penis) धार कमजोर, रात्रि पर ज्यादा पेशाब, पेशाब रोकने की क्षमता कम होना। बार-बार UTI (PUS Cell), प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न, दवा द्वारा उपचार
शुगर- शुगर के कारण पांव के तलवों पर जलन, झुनझुनी नसों में दर्द (Neoropathy) का संपूर्ण निदान, शुगर के कारण थकान, भूख न लगना, कब्ज, कमजोरी (यौन) विशेष लाभ
पेट रोग- पेट पर जलन, गैस, छाले, पुराना कब्ज, गुदा मार्ग पर जलन, दर्द, मवाद आना।
पाईल्स, भगन्दर, फिशर दवा द्वारा उपचार।
पता : शिवशंकर मेडिकल स्टोर्स, कारगिल चौक, कुरूद (छ.ग.)
विजय मेडिकोज महावर धर्मशाला के सामने रायपुर रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क : 9630634468, 940600458



आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9098324969
हरिभूमि कार्यालय
बठेना हॉस्पिटल के सामने, गोयल ऑटो के पीछे, धमतरी

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरुषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशि:-स्लीपर 18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411